हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 2 जुलाई 2025

14 भानुप्रतापपुर, पखांजुर और दुर्गूकोंदल के शिक्षकों ...



14 बारिश के मौसम में सतर्कता बरतने एवं पूर्व...





## खबर संक्षेप

### परतापुर में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**पखांजुर।** शासकीय प्राथमिक शाला परतापुर में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें स्कूल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान अध्यापक पीके दास के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देविनिधि नरवास, सरपंच राजाराम कोमरा, उप सरपंच बसंती टांडिया, लोकेश चक्रधारी, अर्जुन सिंह नरवास, संगीता बाई खत्री, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत की टीम ने किया भवनों का निरीक्षण



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में मुख्य चौक पर स्थित सामुदायिक परिसर दुकानों और नगर पंचायत द्वारा निर्मित निर्माणाधीन भवन के पुनर्विकास के उद्देश्य से नगर पंचायत से अनुबंधित आर्किटेक्ट और इंजीनियर के द्वारा 1 जुलाई को निरीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत भवनों की परिस्थिति और उनकी क्षमता का आंकलन किया गया। निरीक्षण के पश्चात एस्टीमेट नक्शा प्राक्कलन बनाकर तैयार करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने एस्टीमेट, नक्शा और प्राक्कलन तैयार करने के लिए सीएमओ आईएल पटेल एवं सब इंजीनियर राकेश सिरदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद गुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की गई जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत 44 वर्षीय बिंदा बाई सर्फे का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। कामता निवासी महेंद्र सर्फे ने पुलिस को बताया कि उसकी मां बिंदा बाई के मुंह से झाग निकल रहा था, जिसे इलाज के लिए तत्काल अस्पताल लेकर जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। महिला की मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

अपराध : कृषि विभाग में टेंडर दिलाने के नाम पर 15 लाख लेकर नहीं दिलाया काम

# भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटा हुआ ठगी का शिकार, पुलिस ने दोनों ठगों को भेजा जेल

- कांकेर जिले का एक आरोपी डब्ल्यूडीसी में है संविदा लेखापाल
- आरोपी राजू के गिरफ्तारी की खबर आने पर लाखों की हेराफेरी की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटे को कृषि विभाग में टेंडर दिलाने के लिए विभाग में काम करने वाले युवकों ने 15 लाख रुप ले लिया। दोनों युवकों ने न तो काम दिलाया और न ही रकम वापिस किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हलधर साहू के बेटे प्रदीप साहू ने पुलिस को बताया कि वह शांतिनगर कांकेर का निवासी है। कृषि विभाग कांकेर में काम करने के कारण उसी विभाग में आना जाना होने के कारण माह जनवरी 2024 में उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर में काम करने वाले राजू सोनी पिता गजेन्द्र सोनी निवासी माहुरबंदपारा कांकेर से मेरी जान पहचान हुई। उसने सामान्य बातचीत के दौरान बोला कि कृषि विभाग में तुम्हारा बोरवेल्स एवं मशीनरी का काम चल रहा है, इसमें कोई ज्यादा फायदा नहीं है। हमारे विभाग में वाटर शेड परियोजना डब्लूडीसी में डबरी निर्माण, गेबियन स्ट्रकचर, अंडरगाउण्ड डाइक ड्राफट स्पिलवे, चेक डेम काम करने के लिए करोड़ों रूपए का टेंडर निकला है। रायपुर में कृषि विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ अच्छा सबंध है, तुम टेंडर लेना चाहते तो बताओ। उच्च अधिकारियों से बातचीत सेटिंग करके तुम्हे टेंडर दिलवा दूंगा। इस समय राजू सोनी के साथ उसका साथी लोकांश सोनी भी उपस्थित रहा। दोनों ने मुझसे एक साल में अभी तक 15 लाख रुपए ले लिया और बाद में टेंडर नहीं दिलावाया। इसके अलावा मेरे 15 लाख रपुएभी वापिस नहीं कर रहे है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध धारा 318 (4) बीएनएस घटित होना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि धोखाधड़ी का अपराध दर्ज करने के उपरांत दोनो आरोपी राजू सोनी पिता राजेन्द्र सोनी उम्र 37 वर्ष निवासी माहुरबंदपारा और लोकांश सोनी पिता आत्माराम सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी जिला धमतरी को हिरासत में लिया गया। घटना दिनांक के संबंध में पूछताछ करने पर 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार करने पर दोनों आरोपियों को 1 जुलाई को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने पर रिमाण्ड तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिकि रिमांड में जेल भेजा गया।

### आरोपियों को प्रार्थी ने दिया ऐसे रकम

कृषि विभाग में टेंडर के लिए रायपुर जाकर अधिकारियों से मिलने के नाम पर 15 नवंबर को शाम करीबन 5 बजे नकदी 5 लाख , 30 जनवरी 2024 को फोन पे के माध्यम से राजू सोनी के रिश्तेदार लोकांश सोनी के फोन पे नम्बर में 04 बार में एक लाख रुपए ट्रांसफर किया। फरवरी माह वर्ष 2024 में राजू सोनी को नगदी 2 लाख, फोन पे से दो हजार, एक मार्च और 2 मार्च को लोकांश सोनी को नगदी 2 लाख एवं 03 बार में 1 लाख 20 हजार रूपएं ट्रांसफर किया। 20 अप्रैल 2024 को लोकांश सोनी को फोन पे के माध्यम से तीन बार में 1 लाख 1 हजार रूपएं ट्रांसफर किया। 4 मई 2024 को राजु सोनी की मॉ संध्या सोनी के फोन पे नम्बर में 1 लाख रूपएं तथा लोकांश सोनी को भी 58 हजार रूपएं फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर किया। 15 मई 2024 को 2 लाख राजू सोनी को उसके फोन पे नंबर में ट्रांसफर किया।

# आर्मी के जवान से शराब पीने चार युवकों ने मांगा पैसा, नहीं देने पर की मारपीट



- पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का मामला, आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा में शराब भट्टी में शराब लेने के लिए गए आर्मी के जवान के साथ चार लोगो ने मिलकर मारपीट किया। चारो युवक पहले तो शराब पीने के लिए जवान से पैसे की मांग किया। जवान ने पैसा देने से मना करने पर सभी चारों आरापियों ने आर्मी जवान के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया। जवान की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया।

चारामा थानांतर्गत ग्राम आवासपारा करिहा निवासी 38 वर्षीय रविन्द्र कुमार जुर्री पिता दुख राम जुर्री ने पुलिस को बताया कि आर्मी के 36 आरआर में नायक के पद पर पदस्थ होकर वर्तमान में कश्मीर में कार्यरत हूं। मैं 45 दिवस के अवकाश में अपने घर ग्राम करिहा आया हूं और 1 जुलाई को दोपहर1 बजें शराब भट्टी गया था। शराब भट्टी रोड चारामा में 4 लड़के मुझे रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांग रहे थे। मैं पैसा देने से मना कर दिया, चारो लड़के नशे में मुझे गाली देने लगे। मैने चारों युवकों से कहा कि गाली क्यों दे रहे हो, ऐसा बोलने पर चारों युवक मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। शराब दुकान के आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया, तब वहां से चारो लड़के भाग गए। आसपास लोगो से पूछताछ में जानकारी मिली कि मारपीट करने वाले युवको में योगेश ठाकुर, लव विश्वकर्मा, अमन नाग और टिकेश कुमार ध्रुव है।

आर्मी जवान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चारामा पुलिस ने चारो आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पुलिस चारों आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## ग्रामीण के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब किया जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने ग्राम कोकड़ी में छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिए राधेश्याम कडियाम पिता स्व. बिदे सिह कडियाम उम्र 40 वर्ष निवासी कोकड़ी के कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब को जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार 30 जून को उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि भुनेवरी भगत, आरक्षक रोशन राठौर, आरक्षक शिव नेताम महिला आरक्षक सुभिया गोटा के जुर्म जरायम पता साजी टाउन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कोकड़ी में राधेश्याम कडियाम पिता स्व. बिदे सिह कडियाम उम्र 40 वर्ष निवासी कोकड़ी के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करता है। मुखबीर की जानकारी तस्दीक करके गवाहों को हमराह लेकर रेड की कार्यवाही किया गया। आरोपी राधेश्याम के कब्जे से एक 05 लीटर वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरकीन में 05 बल्क लीटर, एक 05 लीटर वाली मटमैला रंग के जरकीन में 05 बल्क लीटर एवं 100 रूपया बिक्री रकम बरामद होने से आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित होना पाए जाने से मौके पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की गई।



## सरपंच ने भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने सौंपा पत्र

**संबलपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर का सबसे बड़ा बाजार संबलपुर में बुधवार को लगता है। संबलपुर का बाजार मुख्य सड़क मार्ग में ही फैला होता है, इसमें भारी वाहनों के प्रवेश से अक्सर जाम लग जाता है। इस समस्या को लेकर संबलपुर सरपंच अनीता रावटे ने एसडीओपी शेर



बहद्दुर सिंह को साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने का ज्ञापन सौंपा है। संबलपुर सरपंच ने बताया कि बाजार के दिन कई घंटे जाम भी लग जाता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

शौचालय की वर्षों से नहीं हुई सफाई

## जामगांव का शाउमा स्कूल जर्जर, गंदगी से छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही





- छत से पानी टपकता है दीवारें सीलन और दरारों से भरी हुई

नरहरपुर तहसील अंतर्गत संचालित शाउमा विद्यालय जामगांव का स्कूल का जर्जर हो गया है। छत से पानी टपकता है, दीवारें सीलन और दरारों से भरी हुई हैं। साफ-सफाई का नामो निशान नहीं है। ऐसे में इस स्कूल में आने वाले छात्र को हर रोज असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जामगांव के ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से स्कूल की मरम्मत नहीं कराई गई है।


ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि विद्यालय का निरीक्षण करें और जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए बजट और योजना तत्काल स्वीकृत कराएं। नाराज छात्रों का कहना है कि वे कई बार स्कूल, प्रभारी प्रचार्य को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द स्कूल की मरम्मत कर नई सुविधाओं से युक्त किया जाए, ताकि बच्चों सम्मानपूर्वक और सुरक्षित वातावरण में अपने कार्य संपन्न कर सकें। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने लगता है, जिससे छत पूरी तरह भर जाता है। इससे न केवल बच्चों के बुक और काफी खराब होते हैं, बल्कि छत में पानी भरने की वजह से दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। पढ़ने वाले छात्राओं और दूर-दराज से आने वाले छात्रों स्थिति में असहज महसूस करते हैं। विद्यालय में बने शौचालय की स्थिति जगह जगह टूट फूट ▶▶| शेष पेज 12 पर

खेतों में सुबह से ही नजर आने लगे किसान

# जिले में लगातार हो रही बारिश से खेती किसानी कार्य में आई तेजी

- तीन दिन से हो रही बारिश से लगने लगे रोपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल



तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जिलेभर के सभी विकासखंडो में खेती कार्य में तेजी आई है। किसान खेतों पर नजर आ रहे है, वहीं रोपा कार्य में भी तेजी आई है। जिलेभर के सभी विकासखंड कांकेर, नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में लगातार हो रही बारिश से किसानी कार्य में तेजी आई है। विकासखंड दुर्गूकोंदल के कई ग्रामों में सोनादई लोहत्तर, आमागुहान, सिवनी, छिंदगाव व अन्य ग्रामों सहित दुर्गूकोंदल क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार बारिश से किसानों को राहत मिल रही है। किसान अपने खेतों में कृषि कार्य तेजी से बुवाई रोपाई का काम कर रहे है, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ रही है, झमाझम बारिश से धान की रोपाई करने वाले किसानों के चेहरे खिल गए हैं। धान की रोपाई करने वाले किसान कई दिनों से बारिश आने की राह देख रहे थे। तीन दिन से हो ही बारिश को देख किसानों ने की धान की पौधे रोपाई की तैयारी तेज हो गई है। रविवार से लगातार पूरे दिन रुक-रुक कर हुई बारिश ने मौसम को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जिले में अब तक 2178.6 मिमी. वर्षा दर्ज

जिले में 01 जून से अब तक कुल 2178.6 मिमीलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 370.1 मिमी. तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 84.6 मिमी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 188.4 मिमी., दुर्गूकोंदल में 241 मिमी., चारामा में 160.2 मिमी., अंतागढ़ में 289.2, पखांजूर में 240.8, नरहरपुर में 171.7, सरोना में 112.1 और आमाबेड़ा में 232.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में अंतागढ़ तहसील में सबसे अधिक 86.7 मिमी. और सरोना तहसील में सबसे कम 14.9 मिमी.वर्षा आंकी गई है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित पैरामेडिकल संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम में (सत्र 2025-26 ) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है ।

उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र एवं काउंसिलिंग सेंटर के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| प्रशिक्षण केन्द्र एवं काउंसलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) | (EMT) इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कांकेर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोंडागांव | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जगदलपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बीजापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| सुकमा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| नारायणपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| दंतेवाड़ा | 60 | 60 | 30 | 30 |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत**: अनु. जनजाति 40%, अनु जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग, सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीट आरक्षित है ।

**नोट-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 26 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफ़ेद लिफाफा में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे ।

(आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)

2. चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा । 3. केवल आवेदक ही काउन्सिलिंग हेतु पात्र होंगे ।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं ।
5. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में 12वी उत्तीर्ण हुए हैं, वह 12वी के रिजल्ट का ऑनलाइन कॉपी या ओरिजनल का छायाप्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं ।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 30/07/2025 तक ।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

पासपोर्ट साइज़ फोटो

**प्रति**
**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**
**महोदय,**

........................................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ ।
1. आवेदक का नाम .............................. 2. पिता/पति..............................
3. जन्म तिथि अंकों में ..............................4. वर्ग अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ..............................पोस्ट..............................
तहसील..............................थाना..............................जिला..............................पिन कोड..............................
मो. नं. 1 ..............................मो. नं. 2 .............................. व्हाट्सअप नं..............................
6. केन्द्र का नाम जहाँ चयन परीक्षा प्रवेश लेना चाहते हैं..............................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |

**कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SID केन्द्र क्रमांक TC210200 रायपुर (छ.ग.)**

# सांसद का प्रयास रंग लाया, जगदलपुर से सुकमा रोड होगी फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शहर के आमागुड़ा बायपास स्थित महाराणा प्रताप चौक में बनेगा फ्लाई ओवर

सांसद महेश कश्यप 20 दिसंबर 2024 को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जगदलपुर शहर के महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर एवं (आईआई) राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 जगदलपुर से सुकमा मार्ग को 4-लेन करने की मांग की थी। 24 जून 2025 को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बस्तर सांसद महेश कश्यप को पत्र लिखकर उपरोक्त कार्य की स्वीकृति के विषय में जानकारी दी।

पत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिखा कि मैंने इस मामले की जाँच करवाई तथा उक्त के संबंध में आपको अवगत कराया जाता है कि वर्तमान में यातायात घनत्व एवं विकास को ध्यान में रखते हुए मेरे मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में रष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक- 30 रायपुर-जगदलपुर मार्ग के किमी 81.500 से 298.00 कुल 216.500 किमी एवं जगदलपुर-सुकमा कोंटा मार्ग के किमी 14.200 से 184.800 कुल 170.600 किमी को 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर सहित विकसित करने के लिए डीपीआर कार्य वार्षिक योजना वर्ष 2024-25 मे सम्मिलित कर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र के माध्यम से सांसद महेश कश्यप को आश्वास्त किया कि नियुक्त डीपीआर कंसल्टेंट द्वारा सर्वे एवं डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए डीपीआर के परिणाम के आधार पर महाराणा प्रताप चौक पर फ्लाईओवर सहित उक्त मार्ग का उचित एलाइनमेंट तय करके शीघ्र ही कार्य स्वीकृत किया जाएगा।

## सांसद के पत्र के जवाब में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दी जानकारी



### फ्लाईओवर से दुर्घटना में आएगी कमी

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय परिवार मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार प्रकट किया है। बस्तर सांसद महेश कश्यप का कहना है कि महाराणा प्रताप चौक में फ्लाई ओवर निर्माण से उक्त चौक में दुर्घटना में कमी आएगी। साथ ही नगर में ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर हो जाएगी। वही जगदलपुर सुकमा फोर लेन बनने से बस्तर विकास की एक नई गाथा लिखेगा और सुकमा जिले वासियों को परिवहन की बेहतर सुविधा मिल पाएगी।

## खबर संक्षेप

### शिवसेना ने की युक्तियुक्तकरण नियम को निरस्त करने की मांग



भानुप्रतापपुर। शिवसेना के प्रदेश महासचिव चन्द्रमौली मिश्रा ने विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण नियम का विरोध करते हुए इसे निरस्त करने की मांग किया है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि शासन के युक्तियुक्तकरण का नियम न्याय संगत नही है ।जिससे आज प्रदेश में शिक्षक संगठन द्वारा भाजपा सरकार के प्रति भारी नाराजगी जताते हुए इसके विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा। शिक्षक परेशान है वही शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। शिक्षको का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार युक्तियुक्तकरण नियम को तत्काल समाप्त करे शिवसेना शिक्षको के आंदोलन का समर्थन करती है। और प्रदेश सरकार से मांग करती है कि शिक्षकों के युक्तिकरण संबंधी मांग को तत्काल पूरा किया जाए।

### बस-हाइवा की टक्कर में शहर के बलराम पटेल की मौत

जगदलपुर। रायल बस और हाइवा के बीच एक्सीडेंट रायपुर मार्ग पर अभनपुर में हुई थी । जिनमें 3 की जान गई उनमे एक बलराम पटेल कुम्हारपारा निवासी,एवरेस्ट कंपनी की मीटिंग में रायपुर जा रहे थे । वे पत्रकार मयंक पटेल के चाचा थे । जगदलपुर से रायपुर जा रही बस सुबह 4 बजे दुर्घटना ग्रस्त हुई ।

## पेज 11 के शेष...

### जामगांव का स्कूल...

हो गया है और वर्षों से सफाई भी नही किया गया है, जिसके कारण खास कर छात्राओं को बहुत परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाएं, अन्यथा आंदोलन करने के लिए ग्रामीणों को सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### जिले में लगातार...

सुहाना तो कर ही दिया है। इसके अलावा धान की पौध रोपाई की तैयारी में जुटे किसानों के चेहरे पर खुशी आ गई है। तीन दिनों से काफी किसानों धान रोपाई के लिए अपने खेतों में तैयारी करते हुए नजर आए।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# किसानों की मांग के अनुरूप खाद बीज की उपलब्धता करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति की समीक्षा



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज की उपलब्धता करने सहित आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को वितरण सुनिश्चित करवाएं। आवश्यकता के अनुसार खाद-बीज के लिए वर्कआउट करें और सहकारी समितियों की मांग को समय पर पूर्ण किया जाए, जिससे कृषक खाद-बीज का उठाव समय पर कर सकें। कलेक्टर मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टेधारकों सहित सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय सुनिश्चित किए जाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में अभी तक की वर्षा की स्थिति और खरीफ फसल सीजन हेतु खाद-बीज की मांग व उपलब्धता का संज्ञान लिया और खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण स्थिति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि पीजी पोर्टल, जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन, जन शिकायत वेब, केन्द्र सरकार के पोर्टल में प्राप्त होने वाले शिकायत का निराकरण एक माह से पहले किया जाना चाहिए। विभाग के अधिकारी के साथ-साथ नोडल अधिकारी शिकायत शाखा भी इस प्राथमिकता से निराकरण करवाएं, प्रति सप्ताह तक रिपोर्ट प्रस्तुत सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया की गतिविधियां की समीक्षा किए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति का समीक्षा किए और प्रथम किश्त प्राप्त उपरांत आवासों की सातों जनपद से लक्ष्य के आधार पूर्णता की संज्ञान लेकर कार्य को जल्द करवाने के निर्देश दिए। स्पेशल प्रोजेक्ट के तहत आत्मसमर्पित एवं नक्सल प्रभावित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीणों के तहत कचरा संग्रहण की स्थिति उपयोग शुल्क लेने की लक्ष्य सातों ब्लॉक में निर्धारित किए जाने कहा। सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य एवं सेग्रीगेशन शेड निर्माण, दुकान के साथ निर्मित सामुदायिक शौचालय संचालन की स्थिति का समीक्षा किए। स्वच्छता के लिए पानी की सुविधा को सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इंटरप्राईजेस फाइनेंस प्रोग्रेस रिपोर्ट एनआरएलएम, लक्ष्य के आधार पर आवेदन की जमा नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर किए तथा उक्त कार्य में अद्यतन प्रगति लाने कहा। उन्होंने मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवनों की भौतिक प्रगति, जनपद पंचायतवार आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस दुकान की निर्माण कार्य का भी समीक्षा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वनमण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### नव प्रवेशी बच्चों की स्थिति पर चर्चा

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के कार्यों में प्रगति और नव प्रवेशी बच्चों की स्थिति पर चर्चा किए। ब्लॉकवार बैठक लेकर ड्राप आऊट दर को कम करने पर जोर देते हुए सभी बच्चों का स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने कहा। वहीं जाति प्रमाण पत्र के लक्ष्य के आधार पर प्रगति तहसील स्तर पर एंन्ट्री करवाने के निर्देश दिए।

# बलात्कार के अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

जगदलपुर। मकान मालिक की पुत्री के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के कोर्ट के पीठासीन अधिकारी वंदना वर्मा ने 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1000 रूपए का अर्थदंड की सजा दी। साथ ही अर्थदंड की राशि नहीं भुगतान पर 3 माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने की सजा सुनाई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रीति वानखेड़े ने पैरवी की।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत 10 जून 2021 की रात लगभग 2.30 बजे आरोपी संदीप तिवारी उसके मकान मालिक की 18 वर्षीय पुत्री के साथ उसकी सहमति के बिना बलात्संग स्थापित किया। इस दौरान उसने पीड़िता का मुंह दबा दिया था, जिससे वह अपने परिजनों को आवाज ना दे सके। इसके बावजूद उसके आवाज से उसके घर में सो रहे पिता और भाई उसके कमरे में आए तब आरोपी वहां से भाग गया। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में 11 जून 2021 को पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई। मामले की जांच के पश्चात प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी संदीप तिवारी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में सभी साक्ष्यों के कथन के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी के पीठासीन अधिकारी ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रूपए का अर्थदंड की सजा सुनाया।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए डॉ. संजय बसाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक को एक गरिमा पूर्ण समारोह में राज्यपाल महामहिम रमन डेका के हाथों पुरस्कृत किया गया। विदित हो की डॉ. बसाक बस्तर के सुदूर क्षेत्र सुकमा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर और दंतेवाड़ा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रहने के बाद वर्तमान में बस्तर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल में कोंडागांव अस्पताल को कायाकल्प के तहत पुरस्कृत किया गया और उनके द्वारा ही जिला अस्पताल में हमर लैब प्रारंभ किया गया। बस्तर में जिला मलेरिया अधिकारी के पद पर रहते हुए दरभा, लोहंडीगुड़ा जैसे मलेरिया ग्रसित क्षेत्र के लिए विशेष रूप से कार्य किया, जिसमें मलेरिया प्रकरणों में गिरावट आई। इसी तरह नारायणपुर जैसे सुदूर क्षेत्र में काम करते हुए मलेरिया और महामारी नियंत्रण के लिए विशेष कार्य किया। इनके इन्हीं उपलब्धियों के लिए 28 जून को रायपुर में यह सम्मान दिया गया। इससे पहले भी डॉ. बसाक को कई संस्थाओं द्वारा उनके उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया जा चुका है।

# एनएमडीसी बचेली सीएसआर ने जिला अस्पताल बीजापुर को 8 एम्बुलेंस प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





एनएमडीसी बचेली ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जिला प्रशासन बीजापुर को 8 एम्बुलेंस सौंपी, जिनका उद्देश्य जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। सीएसआर मद द्वारा कुल 1.17 करोड़ रुपए से यह 8 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एम्बुलेंस बीजापुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगालूर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेरपाल, 30 बिस्तर अस्पताल नैमेड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र भोपालपटनम और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ को प्रदान की गई हैं।

एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का कार्यक्रम संबित मिश्रा, जिला कलेक्टर बीजापुर, महेश नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक) एनएमडीसी बचेली, जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक (सीएसआर), सौरभ कुमार, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) और एनएमडीसी बचेली तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में 1 जुलाई को संपन्न हुआ। ये एम्बुलेंस बीजापुर जिले के दूरदराज के गांवों में चिकित्सा पहुंच को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एनएमडीसी सीएसआर गतिविधियों के तहत बस्तर के ग्रामों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बस्तर जैसे सुदूर क्षेत्र में समर्पण और सेवा के जज्बे को किया सलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डॉक्टर दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी बस्तर जिला के नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर समस्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बस्तर जोन प्रभारी समीर खान ने डॉक्टरों के समर्पण और सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि बस्तर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में जहां संसाधनों की कमी है, वहां भी डॉक्टर जनसेवा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। उनका यह सेवा भाव अत्यंत प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी डॉक्टरों के योगदान को सम्मान की दृष्टि से देखती है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर पार्टी प्रतिनिधियों ने डॉक्टरों को पुष्प गुच्छ और शुभकामना पत्र भेंट कर उनके कार्यों के प्रति कृतज्ञता जताई। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार से यह भी मांग की कि डॉक्टरों को बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षा मिले ताकि वे और अधिक निष्ठा से अपनी सेवाएं दे सकें।

डॉक्टर डे पर समीर खान ने कहा,दुर्गम इलाकों के असली नायक हैं हमारे डॉक्टर। डॉक्टर डे के मौके पर आम आदमी पार्टी बस्तर के नेताओं ने महारानी अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा चाहे बारिश हो या सड़क न हो, डॉक्टर बस्तर की जान हैं, आम आदमी पार्टी उनके सम्मान में खड़ी है। डॉक्टरों की सेवा भावना को सलाम करते हुए पार्टी ने कहा कि बस्तर के दुर्गम अंचलों में जहां सरकारें नहीं पहुंचती, वहां डॉक्टर ज़रूर पहुंचते हैं।

# सफाई अपनाओ,बीमारी भगाओ अभियान का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत आज 1 जुलाई को नगर पालिका अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर की मुख्य अतिथि में हुई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन्द डडसेना, वरिष्ठ पार्षद रजिन्दर रंधावा, पार्षद गुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, नगर पंचायत के सीएमओ आईएल पटेल, सब इंजीनियर राकेश सिरदार, नगर पंचायत के राजस्व निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर, एआरआई राजकुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने नगर पंचायत के समस्त प्रबुद्ध जीवी नागरिकों आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति नालियों में कचरा ना डालें, गाड़ियों में ही डालें और स्वच्छ भारत सुंदर भारत का जो विजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया है उसमें भानु प्रतापपुर शहर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहे और सुंदर भानुप्रतापपुर स्वच्छ भानुप्रतापपुर दिखे, ताकि कोई भी किसी भी प्रकार की बीमारियों से हम बच सके। हरी झंडी दिखाने वाले अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों से आव्हान किया है कि कचरा इधर -उधर ना फेंके, अपना कचरा गाड़ियों में ही डाले, गीला सूखा कचरा अलग-अलग करके ही दे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर पंचायत के कर्मचारी दीदी सफाई कर्मी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का करें त्वरित निराकरण

कांकेर। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, भर्ती परीक्षा में शामिल करने, विकलांगता पेंशन दिलाने, स्थानांतरण कराने, कृषि भूमि का कब्जा हटाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, डीएफओ हेमचंद पहारे, डीपी साहू, रौनक गोयल, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुरही में शाला प्रवेशोत्सव के जरिए शिक्षा को दी गई नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त बनाने और शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन करने के उद्देश्यों को लेकर ग्राम सुरही में 30 जून को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अच्छे अंक लाने वाले छात्रों का प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली और छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर, मुंह मीठा करवा कर पाठयपुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। कक्षा नवमी के बालिकाओं को सरस्वती सायकल वितरण योजना के निःशुल्क सायकल विधायक के कर कमलों से प्रदान किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरही में न्योता भोज का आयोजन किया गया था। विकासखंड के कक्षा 10 वी और 12 वी में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले हाई स्कूल और हॉयर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य गणों को भी भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता सरपंच नरेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष जिला पंचायतविशेष अतिथि तारा ठाकुर, सोमन सिंह कावड़े, बीईओ केके साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनल व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी परिवर्तन और आरोह फाउंडेशन ने दिए मैनुअल स्प्रेयर



**सुकमा।** स्थायी कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से, एचडीएफसी बैंक ने अपनी परिवर्तन पहल के तहत आरोह फाउंडेशन के सहयोग से सुकमा जिले के 15 गांवों में मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती करने वाले 450 किसानों को मैनुअल स्प्रेयर वितरित किए। यह छोटी लेकिन महत्वपूर्ण सहायता किसानों के खेती कार्य को सरल बनाएगी, उत्पादकता में वृद्धि करेगी और फसल की गुणवत्ता में सुधार लाएगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

### खेती को बढ़ावा देने कर रहे बायोइनपुट का निर्माण

**बीजापुर।** जिला बीजापुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि सखियों द्वारा सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। जिले में चयनित 40 क्लस्टरों में कुल 80 कृषि सखियां सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक विभिन्न उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। इन प्राकृतिक उत्पादों में घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र शामिल हैं, जिन्हें खेतों में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के स्थान पर उपयोग किया जा रहा है।

## निधन

### रविन्द्र सिंह परिहार



**भोण्ड।** बस्तर नगर पंचायत निवासी रविन्द्र सिंह परिहार 68 वर्ष लम्बे समय से अस्वस्थ थे। उनका निधन सोमवार को शाम 7 बजे हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम खड़कघाट जगदलपुर में मंगलवार को किया गया। वे फतेसिंह परिहार के भाई तथा राम सिंह परिहार के पिता थे।

### पं. विष्णुदत्त मिश्र



**जगदलपुर।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता पं. विष्णुदत्त मिश्र का मध्य रात्रि 1:35 बजे निधन हो गया। वे लॉ कॉलेज के प्रोफेसर तथा शपथ कमिश्नर के साथ राजस्व मामले के विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते थे। वे विकास, योगिता मिश्रा के पिता थे।

### नवीना सुता



**जगदलपुर।** शहर के मेटगुड़ा निवासी नवीना सुता का रविवार को निधन हो गया। वे 52 वर्ष की थीं। वे बिलोरी मिडिल स्कूल में शिक्षिका थीं। वे लुकस सुता की धर्मपत्नी और पूर्व पार्षद जोहन सुता की बहु थीं। उनका अंतिम संस्कार करकापाल स्थित मसीही कब्रिस्तान में रविवार को किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग, वार्डवासी तथा शिक्षक शामिल थे।

# विधायक ने बच्चों का सम्मान कर बांटे खेल सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में पांचवी, आठवीं, दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम अंक सूची वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पार्षद सूरज सिंह, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, अनीश जॉर्ज व आदर्श ओसवाल उपस्थित रहे।

■ **भैया बहनों को अंकसूची व पुरस्कार दिया गया**

सर्वप्रथम मां भारती, सरस्वती और ओम के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियो का स्वागत विद्यालय के शिशु भारती के पदाधिकारियो के द्वारा श्रीफल, पुष्पगुच्छ व तिलक वंदन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य गोवर्धन ठाकुर ने किया। अतिथियों के द्वारा तीनों बोर्ड कक्षा पांचवी, आठवीं व दसवीं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किये भैया बहनों को अंकसूची व पुरस्कार प्रदान किया गया। पांचवी में प्रथम युर्वशी निषाद, द्वितीय ईशिका नेताम, तृतीय तेजस्व कुमार सार्वा रहे। आठवीं में प्रथम सिया कडती, द्वितीय चांदनी नाग, तृतीय साक्षी साहू रहे। कक्षा दशम में प्रथम तेजेश्वर नेताम, द्वितीय कुमारी मौली सेन, तृतीय स्थान पर ओम गुप्ता रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा।

विधायक ने बच्चों के खेलने के लिए खेल किट प्रदान किया। जिसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन आदि प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चे संस्कारवान होते हैं। गीदम शिशु मंदिर के बच्चे हमेशा खेलकूद, बौद्धिक व पढ़ाई में आगे रहे हैं मैं सबको शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

मैं विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के लिए सभा कक्ष, कंप्यूटर, हाई मास्क लाइट व लैब निर्माण कार्य शीघ्र करवाने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई आभार व्यक्त विद्यालय समिति के व्यवस्थापक ने किया।

### अनियमितता को लेकर संगठन पूर्व से है आंदोलनरत

# शिक्षकों ने विद्यालय से आकस्मिक अवकाश लेकर किया शाला बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



शिक्षक सांझा मंच के बेनर तले आज जिला दंतेवाड़ा के समस्त लोकल बाडी संवर्ग के शिक्षकों ने विद्यालय का आकस्मिक अवकाश लेकर एक दिवसीय शाला बहिष्कार किया। युक्तियुक्तकरण में नियमों में विसंगति एवं हुई अनियमित्ता को लेकर संगठन पूर्व से ही आंदोलनरत है। आज के इस बंद से जिला की संपूर्ण शालाओं में तालाबंदी देखी गई।

■ **शिक्षक एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा**

शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि चार सूत्रीय मांग को लेकर आज जिला के सभी चारो विकासखण्डों में एलबी संवर्ग के समस्त शिक्षकों के द्वारा एक दिवस आकस्मिक अवकाश लेकर अपनी मांगों को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौपा गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच में दिये फैसले के अनुसार सोना साहू को पंचायत एवं शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि का एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है। इसी प्रकार अन्य सभी शिक्षकों के क्रमोन्नति एवं एरियर्र हेतु जनरल आर्डर न जारी होने के कारण शिक्षक संवर्ग को न्यायालय की शरण में जाना पड़ रहा है। शासन से क्रमोन्नति हेतु जनरल आर्डर जारी करने की मांग की है। जिला संयोजक उदय शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में शिक्षक एलबी संवर्ग को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शासन को चाहिए की एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पूर्व की सेवा की गणना की जावे। जिला संयोजक अशोक नाग ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है। 2008 में जारी नियम के तहत विद्यालय एवं शिक्षकों का सेटअप यथावत रखते हुए दो सितंबर 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण के नियम को तत्काल निरस्त किया जावे। शिक्षक सांझा मंच के जिला संयोजकों ने यह कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को क्रमिक रूप से तेज किया जावेगा।

# शिक्षक साझा मंच ने रैली निकालकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छग शिक्षक साझा मंच के प्रदेश व्यापी आह्वान पर जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने तीन दिन से हो रही बारिश के बीच रैली एवं धरना प्रर्दशन के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

छग शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक प्रहलाद जैन एवं राजेश मिश्रा सह संचालक कैलाश रामटेके वा सुशील हेमला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पूर्व में भी युक्तियुक्तकरण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जून महीने मे राजधानी नया रायपुर मे रैली एवं धरना प्रर्दशन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर शिक्षा सचिव से वार्ता विफल हुई थी एवं शिक्षकों की माँगों को अनसुना कर दिया गया।जिस पर आंदोलन की रणनीति बनाई गई।आँदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के सभी ब्लाक मुख्यालयों मे धरना प्रदेशन किया गया।

जिला मुख्यालय में ब्लाक अध्यक्ष शांति लाल वर्मा,विजय चापड़ी, राजेश मिश्रा, कैलाश रामटेके, सुनील झाड़ी सुशील हेमला के नेतृत्व मे धरना प्रर्दशन एंव रैली के माध्यम से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। विकासखण्ड भैरमगढ़ मे जिला संचालक प्रहलाद जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम झाड़ी के नेतृत्व में धरना-प्रर्दशन कर तहसीलदार घरत को ज्ञापन सौंपा गया। विकासखण्ड उसूर में महेश यालम, रुद्र प्रताप झाड़ी, किशोर बारसे अलीम रिजवी के नेतृत्व मे ज्ञापन एसडीएम भूपेन्द्र गाँवरे को सौंपा गया। विकासखण्ड भोपालपटनम में योगेश वासम, अप्पाजी शेखर वा संजय चिंतुर महेश शेट्टी के नेतृत्व में धरना प्रर्दशन कर ज्ञापन को सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में प्रमुख माँगे इस प्रकार हैं 2008 के सेटअप को यथावत रखा जाये, सोना साहू प्रकरण उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान सहित एरीयर्श राशि दिया जावे। पूर्व की भाँति समस्त प्रशिक्षित शिक्षकों की पदोन्नति की जावे। आंदोलन में प्रमुख रुप से महेन्द्र काशी, चन्द्रभान निषाद,केदार देशमुख, सी पुरुषोत्तम ,एट्टी राजन्ना, अनिल झाड़ी, टिल्लू संगम, राकेश गिरि, सरोजनी बंजारे, सरोजनी ठाकुर, सीमा कुड़ीयम मौजूद थे।

# शिक्षकों ने किया धरना प्रदर्शन व निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आज विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के सैकड़ों शिक्षकों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने अनुविभागीय अधिकारी को राज्य सरकार मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ **सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा**

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सरकार से 2008 में स्वीकृत पदसंरचना के अनुरूप पद की गणना कर युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही संपन्न की जाये,पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान के सर्वहित में करते हुए जनरल आदेश किया जावे, शिक्षक एलबी संवर्ग को पंचायत विभाग की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ प्रदाय किया जावे, व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति में बीएड की प्रशिक्षण की अन्य अनिवार्यता को शिथिल कर पूर्व की भांति डी एड प्रशिक्षितों को पदोन्नति के लाभ का अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही प्राचार्य की सीधी भर्ती के 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरा जावे। लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक इकाई ब्लॉक संचालक राहुल सिंह ठाकुर, अमित अवस्थी, कमल साय कश्यप, कमल नाग व ब्लॉक के शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही।

# शिक्षक साझा मंच ने सौंपा समस्याओं को दूर करने मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आव्हान पर ब्लॉक इकाई दरभा द्वारा दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त करने, क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन एवं समस्त लाभ प्रदान करने, व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता को शिथिल करने आदि मांग को लेकर साझा मंच द्वारा 1 जुलाई को विकास खण्ड स्तर पर धरना प्रदर्शन कर विभिन्न नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ शासन, संचालक लोक शिक्षण संचानालय छग रायपुर के नाम तहसील कार्यालय दरभा में पहुंच कर मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार जयंत कुमार को एवं खंड शिक्षा अधिकारी दरभा जगदीश पात्र को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक साझा मंच के ब्लॉक संचालक बुधराम कश्यप, हरचित मौर्य, महताप सिंह बघेल संयुक्त रूप से बताया और मांग किया है कि यदि शासन प्रशासन द्वारा उपरोक्त हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है और मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे शिक्षक साझा मंच द्वारा उग्र और अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा। इस अवसर पर मंगल मौर्य, बुधराम कश्यप, हरचित मौर्य, महताप सिंह बघेल, चक्रधर बघेल, शिवराम कश्यप, पारस यदु, सीताराम नाग, मनीराम नाग, रामेश्वर कश्यप, रामू बघेल, सुदामा नाग, सुकमन नाग, देवेन्द्र ठाकुर, जितेश द्विवेदी, अनंत भारद्वाज,मंगलू नाग,पवन ध्रुव,नरसिंह बघेल, बंशीधर बघेल, जुलेखा शाह, गीता सोनी, उषा कश्यप, सीमा खटाने, राधामनी कश्यप, दुलो हरपाल, जमुना भारद्वाज, दयमती बघेल, सुबती नाग तथा शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में एस्ट्रोनॉमी लैब की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



स्वामी आत्मानंद शा.उत्कृष्ट अंग्रेजी, हिंदी माध्यम विद्यालय भोपालपटनम में एस्ट्रोनॉमी लैब की शुरुआत ने नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के बच्चों के सपनों को नया आसमान दे दिया है। अब यहां के बच्चे भी टेलिस्कोप से अंतरिक्ष की अनदेखी दुनिया को देखने और वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। बीजापुर जिले के 10 सरकारी स्कूलों में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना की गई है, जिसमें भोपालपटनम का स्वामी आत्मानंद स्कूल भी शामिल है। इस पहल ने जिले को स्पेस सिटी के नए स्वरूप की ओर अग्रसर किया है। खगोलशास्त्र अब किताबों से बाहर। लैब प्रभारी शिक्षक भाविक गोड़बोले, यशवंत सिन्हा,ने बताया कि बच्चों को सूर्य और चंद्र ग्रहण, उल्कापिंड वर्षा, धूमकेतु की गति, भूकंप की प्रक्रिया और ऋतुओं के परिवर्तन जैसी जटिल खगोलीय और भूगर्भीय घटनाओं की जानकारी व्यवहारिक तरीके से दी जा रही है। यह प्रणाली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा दे रही है।

### ब्रह्मांड को देखने का मिला अवसर

कक्षा 12वीं की छात्रा तेजस्वी एडला ने बताया कि, पहले हम सिर्फ किताबों में पढ़ते थे, लेकिन अब खुद प्रयोग कर, टेलिस्कोप से देखकर ब्रह्मांड की गहराई को समझ सकते हैं। यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। संस्था के प्राचार्य एन. राजेश ने कहा, बच्चों के पास पहले सिर्फ कल्पनाएं थीं, लेकिन अब लैब की मदद से वे सौरमंडल और अंतरिक्ष की घटनाओं को प्रत्यक्ष रूप से देख और समझ पाएंगे । विज्ञान अब उनके लिए जीवंत और रोचक बन गया है।

# शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




दंतेवाड़ा जिले के गीदम में शिक्षक साझा मंच के बैनर तले ब्लॉक गीदम के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग सचिव व संचालक लोक शिक्षण संचनालय छग के नाम गीदम एसडीएम को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन सौपने के दौरान शिक्षकों ने कहा कि उच्च न्यायालय बिलासपुर डब्ल्यू ए 261/ 2023 डबल बेंच के 28 फरवरी 2024 को निर्णय अनुसार सोना साहू शिक्षक पंचायत / शिक्षक एलबी को पंचायत व शिक्षा विभाग की पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान किया गया है। इसी तर्ज पर प्रदेश के सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए सहित एरियर्स क्रमोन्नत वेतनमान भुगतान हेतु जनरल आर्डर जारी किया जावे। वहीं शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पेंशन व अन्य लाभ प्रदान किया जाए। तीसरी मांगों में पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता को शिथिल किया जाए, पूर्व की भांति शिक्षक से व्याख्याता एवं व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर डीएड प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान किया जाए। साथ ही प्राचार्य के सीधी भर्ती के 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरा जाए। इसके साथ ही वर्तमान में हुए युक्तियुक्त कारण में व्यापक विसंगतियां हैं। दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इन व्यापक विसंगतियों को देखते हुए 2 अगस्त 2024 को जारी नियम के तहत हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाए।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरीत है, विद्यालयों में 21 मार्च 2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप युक्तियुक्तकारण किये जाने जैसी मांग शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक राकेश मिश्रा, अंकित गुप्ता, केशव स्वर्ण, दीपक गर्ग, रजनीश ओसवाल, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, योगेश सोनी, नितिन विश्वकर्मा, त्रिपेश चापडी, रमा कर्मा, शाजिद भारती, आशुतोष शिवहरे, वेदिका नाग समेत गीदम ब्लॉक के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने 8 एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने 8 नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी एम्बुलेंस एनएमडीसी के सीएसआर मद के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गई हैं। कलेक्टर ने कहा कि यह पहल ग्रामीणों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासन की कोशिश है कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। यह एम्बुलेंस सेवा जिले के सभी ब्लॉकों और दूरस्थ गांवों में लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक होगी। एम्बुलेंस के संचालन से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले मरीजों को अब इलाज के लिए अस्पताल तक लाना आसान होगा।

# शिक्षक साझा मंच के आह्वान पर शिक्षकों ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोण्ड



छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रदेशव्यापी आह्वान पर आज विकासखण्ड बस्तर के सैकड़ों शिक्षकों ने एकजुट होकर राज्य सरकार से अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार तथा खंड शिक्षा अधिकारी को राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सरकार से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में शीघ्रता, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता, युक्तियुक्तकरण में व्याप्त विसंगतियों को समाप्त कर प्रक्रिया निरस्त करने तथा सभी भत्तों का नियमित भुगतान जैसी मांगे रखीं। शिक्षकों का कहना है कि ये मांगें लम्बे समय से लंबित हैं और अब सरकार को इस पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाती तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक संचालक महेन्द्र सिंह ठाकुर, लेखन कश्यप, संजय तिवारी के अलावा प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भागीदारी रही जो उनके संगठन की एकता और मांगों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## खबर संक्षेप

### संविदा भर्ती की चयन सूची जारी

**कांकेर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेष, कार्यालय सहायक, डॉटा एन्ट्री ऑपरेटर, मल्टी टॉस्क स्टॉफ के कुल 7 पदों की जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा एवं कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत अंतिम चयन सूची जारी की गई है। सूची की अवलोकन जिले के वेबसाइट एवं जिला कार्यालय अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### डूबने से युवक हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत 41 वर्षीय सुरजीत कोड़ोपी अपने खेत की ओर 30 जून को गया हुआ था। अचानक गड्ढा में गिर गया। गड्ढा में भरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। चिनौरी निवासी हेमलाल मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक मुंह के बल गिरा हुआ था, उसका चेहरा पानी में डूबा हुआ था। पानी से बाहर निकालकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल की इलाज के दौरान मौत, कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चबेला पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई। कार में सवार लोगों को चोट आने पर उन्हे अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति कि मौत होने पर मर्ग कायम किया गया। विवेचना में पाया गया कि मृतिका इलाज कराने के लिए रायपुर गई थी। अपनी बहन दीपिका रानी चक्रवर्ती के घर माना रायपुर में रूकी थी। पखांजुर जाने के लिए 22 जून को वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजी 9849 से अपने परिवार के साथ आ रही थी। भानुप्रतापपुर चबेला पुलिया के पास पहुंचे थे तभी कार का चालक कार को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक उतावलेपन से चलाने से कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। गिरने से साधना चक्रवर्ती, गौतम चक्रवर्ती, अंजना चक्रवर्ती, सुजाय चक्रवर्ती को चोट आया। सभी को इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान 16 जुलाई 2024 को साधना चक्रवर्ती की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 जीएन 9849 के चालक सपन हालदार के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

विरोध : युक्तियुक्तकरण को लेकर जिलेभर में शिक्षक हैं आक्रोशित

# भानुप्रतापपुर, पखांजुर और दुर्गूकोंदल के शिक्षकों ने चार मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/ पखांजुर/ दुर्गूकोंदल



युक्तियुक्तकरण को लेकर साझा मंच के द्वारा जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में 1 जुलाई मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपते हुए नारेबाजी की है और अपनी चार मांगो को दोहराया है।

भानुप्रतापपुर विकासखंड के समस्त शिक्षकगण ने शिक्षक साझा मंच के बैनर तले रेस्ट हाउस के सामने सामुदायिक भवन पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन के प्रति नाराजगी जताई। शिक्षक साझा मंच द्वारा भानुप्रतापपुर मुख्य चौक पर नारेबाजी करते हुए विशाल संख्या बल के साथ मुख्य मार्ग पर रैली निकलने के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम से चार सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम गंगाधर वाहिले को ज्ञापन सौंपा। धरना में बैठे शिक्षको ने कई जगह युक्तियुक्तकरण में भेदभाव का भी आरोप लगाया। संघ ने जारी नियम के तहत विद्यालय और शिक्षकों का जो अव्यवहारिक युक्तियुक्तकरण किया गया है, उसे तत्काल निरस्त कर वर्ष 2008 में स्वीकृत पदसंरचना के अनुसार ही पदों की गणना कर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है।

धरना में निरंकार श्रीवास्तव, पंकज बाजपेयी, धर्मराज कोरेटी, रेखाराम सिहवाने, गिरिवर कुलदीप, आलोक तिवारी, सुनील यदु, राजेश शर्मा, चंद्रिका सोनी, निर्मला बाग, मनोज निर्मलकर, दौलत ठाकुर, राजेश चालाकी, योगिता बालेंद्र, नीतू लाटिया, नूतन वाहिले, मनोज चौहान, खंजन उयके, हेमसिंह बाथो, महेंद्र राजपूत, सविता श्रीवास्तव, अंजू साहू, नीलिमा मिश्रा, रूपल रावड़े सहित बड़ी संख्या में भानुप्रतापपुर विकासखंड शिक्षक उपस्थित रहे।

### शिक्षक साझा मंच दुर्गूकोंदल ने दिया धरना



**दुर्गूकोंदल।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ विकास खंड दुर्गुकोंदल के शिक्षक संवर्ग साथियों द्वारा तहसील कार्यालय के सामने सामुदायिक भवन में चार सूत्रीय मांग को लेकर अपनी मांगों के संदर्भ में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। बरसते पानी में विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार केतन भोयर के माध्यम से ज्ञापन दिया। इस अवसर पर हेमंत कुमार श्रीवास्तव, देवलाल सेन, गोरखनाथ ध्रुव, अरविंद चौधरी ने शासन की त्रुटि पूर्ण नीतियों पर विस्तृत पर जानकारी दी। इस अवसर मनोज पांडे, मनीष गौतम, टोमन ठाकुर,जौहर उईके, अजीत ध्रुव,गोवर्धन देवांगन, शशि कला बघेल, ऊषा प्रजापति, अरविंद चौधरी,सुमन नरेटी,संत लाल माहला,उतरा वस्त्राकार, विमल भालेश्वर, मनोज दरियों सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन किशोर विश्वकर्मा सचिव ने किया।



### पखांजुर में शिक्षकों ने जमकर की नारेबाजी

**पखांजुर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के सभी बड़े शिक्षक संगठन के शिक्षक शिक्षक साझा मंच के बैनर तले पखांजूर में तहसील कार्यालय के सामने कर्मचारी समिति के डोम पंडाल पर अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना पर बैठे एवं धरना प्रदर्शन समाप्ति के पश्चात रैली निकालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी पखांजुर को सौपा। साझा मंच के पदाधिकासरियों ने विचार व्यक्त करते हुए सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की एवं आंदोलन को आगे भी जारी रखने का बात कही। उनकी मांग है कि विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण को रद्द कर 2008 का सेटअप लागू किया जाए, सोना साहू प्रकरण के आधार पर सभी पात्र शिक्षकों शिक्षिकाओं को क्रमन्नति एवं समय मान वेतनमान प्रदान करने की जनरल आदेश दिया जाए, शिक्षक पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को शिथिल किया जाए, प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना कर शिक्षकों को पूर्ण पेंशन प्रदान की जाए। धरना प्रदर्शन में भोला प्रसाद, प्रकाश चौधरी, कृष्णेन्दु आईच, प्रकाश कांगे, गणेश दास, रंजीत कर, अशोक मृधा, बलविंदर कौर, लालमन पटेल, गौतम मंडल, वरुण कीर्तनिया, सुनील मंडल, निमाई पाल, कृष्ण पाल राणा, राजकुमार साक्षी, कृष्ण पाल राणा, अजीत ठाकुर, चंदूलाल साहू, लोकेश्वर साहू, खेलूराम ध्रुव, भुवनेश्वर सिन्हा, पिंकी ठाकुर, नारायण पटेल ,विभूति भूषण कुंडू, सुमा मंडल, लता बघेल, रीना तारम, जगदीश चक्रवर्ती, ईश्वरी साहू, प्रीति मानकर खिलेश्वरी सिवान, अनीता पटेल, भारती सोम, दीपा पटेल, अलका कोषमा, रूपा मरकाम,संजू कर, राजकुमार जांगड़े सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

**योजनाओं के क्रियान्वयन की किया समीक्षा**

# बारिश के मौसम में सतर्कता बरतने व पूर्व तैयारियां करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए बाढ़ जैसी स्थिति न आए, इसके लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारी को दिए और साथ ही चिन्हांकित स्थलों पर सतत निगरानी रखते हुए सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित कार्यों के बारे विभागवार जानकारी लेते हुए प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले में धान की बुवाई की जानकारी ली। इस पर उप संचालक कृषि ने बताया कि अब तक 21 हजार 125 हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई पूर्ण हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य 99 हजार 604 हेक्टेयर रकबे का 21 प्रतिशत है। इसी तरह खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में बताया गया कि डीएपी खाद के अलावा शेष खाद सोसायटियों में उपलब्ध है। इसी तरह सघन पौधारोपण करने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने शासकीय भवनों एवं अन्य रिक्त जगहों पर पौधे लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए वन विभाग की नर्सरी से पौधे प्राप्त कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने समय-समय पर दौरा करने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र भवन, पीडीएस सेंटर तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। बैठक में खाद्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानों के ऑनलाइन पंजीयन हेतु एग्रीस्टेक नामक पोर्टल जारी किया गया है, जिसमें किसानों का ई-पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इसमें पंजीयन नहीं कराए जाने पर किसान अपना धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे। इस पर कलेक्टर ने च्वाईस सेंटरों के माध्यम से जिले के सभी किसानों का ई-पंजीयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ हेमचंद पहारे, रौनक गोयल सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### डीएमएफ मद एवं विभिन्न एजेंडों की लिया जानकारी

बैठक में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने डीएमएफ मद से निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, पीएमश्री स्कूल सहित विभिन्न एजेंडों के संबंध में साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली।

# ढाबा संचालक पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



खाना नहीं देने की बात को लेकर आरोपी ने सो रहे ढाबा संचालक को गाली देते हुए कुल्हाड़ी से हमला करने का प्रयास किया। ढाबा संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कोमलपुर ग्राम के निवासी सलीत कुमार कावड़े पिता रिसउराम कावड़े उम्र 37 साल ने पुलिस को 30 जून को बताया कि 29 जून की रात को साढ़े 9 बजे मेरे ढाबा में मेरे पड़ोसी ढाबा वाला हेमलाल मातलाम आया और मुझे बोला कि मेरे ढाबा में इंद्रदेव नागवंशी नाम का व्यक्ति कुल्हाड़ी लेकर भाग गया है, आपके ढाबा में आया है। उसे बताया कि इस नाम को कोई व्यक्ति मेरे पास नहीं आया है। पड़ोसी ढाबा संचालक अपने ढाबा में वापस चला गया। उसी दिन रात करीबन 10 बजे एक व्यक्ति आया और बोला कि नाम इंद्रदेव नागवंशी है, जो शराब के नशे में था और मुझसे खाना मांगने लगा। मैं उसे नशे में देखकर रूकने बोला, परंतु आरोपी इंद्रदेव नागवंशी ने कहा कि तुझे देख लूंगा बोलकर, वहां से चला गया।

ढाबा बंद होने के बाद रात्रि करीबन साढ़े 11 बजे मैं सो रहा था, उसी आरोपी इंद्रदेव नागवंशी अपने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर आया और गाली देते हुए चिल्लाते हुए बोल रहा था कि तुम मुझे खाना देने से मना करने वाले कौन होते हो, कहकर मुझे जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से मारने की कोशिश कर रहा था, तभी आरोपी के हल्ला की आवाज को सुनकर मेरा भांजा बिरेंद्र जुर्री आया और उक्त व्यक्ति को पीछे से जोर से धक्का दिया जिससे वह गिर गया और यहां से कुल्हाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 296, 109 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को अन्नपूर्णापारा चौक कांकेर से हिरासत में लिया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि प्रार्थी के साथ मारपीट किया है। उसके बताए गए निशानदेही से कुल्हाड़ी को जप्त किया गया। आरोपी को 1 जून को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने पर रिमाण्ड तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में आरोपी को जेल भेजा गया।

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि चेतन साहू प्रधान आरक्षक कौशल साहू, आरक्षक लिखेश्वर साहू, आरक्षक अनिल मरकाम एवं महिला आरक्षक अंजु बेलचन्दन की अहम भूमिका रही।

# नरहरपुर जनपद पंचायत सीईओ हुए सेवानिवृत, सरपंच संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साव के सेवानिवृत्ति होने पर सरपंच संघ नरहरपुर के तत्वावधान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जनपद सीईओ का श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप कुमार कुंजाम ने कहा कि सेवानिवृत्ति सतत प्रक्रिया है, जो की एक निश्चित समय के बाद शासन के द्वारा निर्धारित समय पर सेवानिवृत्ति किया जाता है। वही सेवानिवृत्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कार्यकाल यहां लगभग 2 साल का रहा, जिसमें उन्होंने अच्छे कार्य किया और उसे हम याद करते रहेंगे। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, उनका मार्गदर्शन हम सब पर रहेगा और हम उम्मीद करते हैं कि उनकी सेवानिवृत्तकाल अच्छे से बीते। जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति कांति पटेल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके मार्ग पर चलने की बात सरपंचों से कहीं। उनके उज्जवल भविष्य एवं सुख शांति समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। सचिव संघ के अध्यक्ष संजय कलिहारी ने सेवानिवृत्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना किया। सेवानिवृत्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि कुमार साव ने कहा कि सेवानिवृत शासन की सतत प्रक्रिया है, जो की एक निश्चित समय के बाद शासन से सेवानिवृत्ति की जाती है और उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि शासन के विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जाता रहा, जिसे समय सीमा पर करना अति आवश्यक होता है और उन्होंने ब्लॉक के समस्त सरपंचों से कहा कि शासन के जन कल्याणकारी कार्यों एवं सरकार की योजनाओं को सफल संचालन करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचना है और अच्छे से काम करने की बात कही, साथ ही उनके सेवानिवृत्ति काल पर सम्मान करने पर सभी के प्रति आभार व्यक्ति किया। इस अवसर पर भगवती उयके, महेश्वर शोरी, राजेंद्र मरकाम, हीरा कुंजाम, हरदेव कुंजाम, नरेश्वरी नेताम, उमेश्वरी जुर्री के अलावा सरपंच संघ के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साल्हेभाट में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, बच्चों का किया स्वागत



**सरोना।** विकासखण्ड नरहरपुर के सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम साल्हेभाट स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बच्चों में नए सत्र की शुरुआत को लेकर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। उन्हें स्कूल गणवेश, पाठ्यपुस्तकें वितरित कर मिठाई खिलाकर उत्सव का उल्लास साझा किया गया।

आयोजित कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में माँ के नाम छायादार पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें नवप्रवेशी एवं अन्य विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में छायादार पौधे रोपित किए। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही, बल्कि मातृत्व के प्रति बच्चों की भावनाओं को भी अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम बनी। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन समिति का भी पुनर्गठन किया गया। नवनिर्वाचित समिति में प्रताप सिंह साहू को अध्यक्ष और रामकुमारी वटी को उपाध्यक्ष चुना गया। इस नई समिति को शाला संचालन में पारदर्शिता, विकास एवं समन्वय की नई दिशा देने का दायित्व सौंपा गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की महत्ता बताते हुए उन्हें नियमित स्कूल आने, अनुशासन में रहने और मेहनतपूर्वक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही विद्यालय से संबंधित अनेक आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा की गई जैसे बच्चों की उपस्थिति, आधारभूत सुविधाएं, शिक्षण गुणवत्ता, अभिभावकों की सहभागिता आदि। कार्यक्रम में सरपंच उर्मिला कुंजाम, उपसरपंच जगदेव मंडावी, रामचरण साहू, गणेशाराम मंडावी, लखनलाल उईके, रविदास मानिकपुरी, शुधूराम कोराम, बंसी नेताम, पार्वती साहू, कालेदरी मंडावी, लक्ष्मीबाई महंत, सुखमोतिन नेताम, पुष्पा साहू सहित प्रधान अध्यापिका सुजाता रामटेके, वेदवती नेताम, देवकरण गंबेर, मोहन सलाम, रंभा नेताम, राकेश कुमार मंडावी, दिव्या साहू उपस्थित रहे।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 को

**कांकेर।** जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति श्री दिपंकर राय की अध्यक्षता में 4 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे से उप संचालक कृषि कार्यालय कांकेर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# बैंकिंग सुरक्षा और अधिकारों पर जागरुकता को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




भारतीय रिजर्व बैंक की जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के चौथे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 1 जुलाई को शासकीय शहीद गेंदसिंह कॉलेज किया गया।

■ वित्तीय जागरूकता की दिशा में ठोस कदम

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं उनके हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला लीड बैंक अधिकारी जीएस राणा ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय कि महत्वपूर्ण आवश्यकता है, क्योंकि वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंनें कहा कि बैक से जुडा प्रत्येक व्यक्ति का यह अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की विस्तृत जानकारी बैंक प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है और यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है, तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए। प्रतिभगियों के उत्साह को देखते लीड बैंक अधिकारी ने कहा कि वित्तीय मामलों की जानकारी के प्रति आम नागरिकों की यह ललक इस बात का परिचायक है कि अब समाज में व्यापक बदलाव आने वाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ केके मरकाम, उप प्रचार्य डॉ.आयशा कुरैशी ने भी अपने विचार रखे। समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुडे उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिए जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत किया है। जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंडकंपनी ,ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में ए.टी.एम.की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुये कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। इस कार्यशाला में कॉलेज के छात्र एवं छात्राए लोगों को शामिल किया गया ताकि वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्तर पर हो सके। कार्यशाला में उपस्तिथ मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा व कार्तिक बांधेकर ने भी जानकारी दिया।

### इनका रहा योगदान

कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के समन्वयक पीएल खैरवार, निमेश साहू, घनश्याम शुक्ला, महेंद्र कौशिक,नवीन पटेल, पंकज यदु, सुष्मिता सिन्हा, यशवंती यादव, कौशल मांझी, हंसा अंचला आदि का योगदान रहा।

